संकलित परीक्षा - II (2015-2016)

हिन्दी 'अ'

कक्षा -IX

**निर्धारित समय : 3 घण्टे** **अधिकतम अंक :90**

**निर्देश :**

(1) इस प्रश्न-पत्र के **चार खंड हैं** - **क, ख, ग, घ** ।

(2) **खंड क प्रश्न संख्या 3 मुक्त पाठ** पर आधारित है।

(3) **चारों** खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य है।**

(4) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए।

**खण्ड-क ( अपठित बोध एवं मुक्त पाठ )**

**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर लिखिए -** 5

यह एक बड़ी प्रसिद्ध और भावपूर्ण कहावत है - 'अपना हाथ जगन्नाथ' - अर्थात् व्यक्ति का अपना हाथ जगत के पालन करने वाले सर्वशक्तिमान भगवान के समान हुआ करता है। व्यक्ति जिस प्रकार भगवान पर भरोसा किया करता है उसी प्रकार अपने हाथ पर भी विश्वास करना चाहिए। जिसके आंगन में नदी बहती हो वह कभी प्यासा नहीं मर सकता, उसी प्रकार अपने हाथों से काम करने वाला अपने ही दम-खम पर जीने वाला मनुष्य भूखा-प्यासा नहीं मरा करता। आवश्यकता यह है कि व्यक्ति अपने भीतर झाँक कर देखे। देखकर कमियाँ दूर करे। सोई हुई कार्य शक्ति को जगा ले। बस फिर सफलता ही सफलता है। जब देश का प्रत्येक व्यक्ति ऐसे आत्मविश्वास का भाव जगा लेता है, तब उस देश और जाति को भी आगे बढ़ने, पूर्ण सफलता पाने से कोई नहीं रोक सकता।

(i) अपना हाथ जगन्नाथ का तात्पर्य है -

(क) संसार का स्वामी खुद को मानना

(ख) अपने को ताकतवर समझना।

(ग) अपनी बाजुओं पर भरोसा करना।

(घ) अपने आप पर विश्वास होना।

(ii) मनुष्य को क्या करना चाहिए ?

(क) प्रत्येक के अंदर झाँकना।

(ख) प्रत्येक अपने आप में झाँके।

(ग) अपने गुण दोष का मूल्यांकन कर कार्य शक्ति जगाए।

(घ) दूसरों के गुण दोष का मूल्यांकन करे।

(iii) 'भूखा-प्यासा' शब्द में समास विग्रह और भेद हैं -

(क) भूख से प्यासा (करण तत्पुरुष)

(ख) भूखा और प्यासा (द्वन्द्व)

5

(ग) भूख के लिए प्यास (संप्रदान तत्पुरुष)
(घ) भूख प्यास से भरा है जो (कर्मधारय)

(iv) इस गद्यांश का शीर्षक होगा
(क) सफलता का सूत्र आत्मविश्वास
(ख) आत्म विश्वास की महत्ता
(ग) जगन्नाथ बन जाओ
(घ) सोई कार्य-शक्ति जगाओ

(v) 'आत्मविश्वास' शब्द है, -
(क) तद्भव। (ख) देशज।
(ग) तत्सम। (घ) आगत। 5

2 **निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर दीजिए।**

अपने अस्तित्व को ढूंढ़ती, टटोलती
मैं, निकल गई सफर पर अकेले ही
विश्राम का समय मिला
न कभी सांस रोककर भरी
अपने अस्तित्व की मंजिल मुझे
ले जाएगी जाने कहाँ
अपनी अलग से पहचान बनाने चली मैं
एक अनकही दास्तान बनाने चली मैं
मैं उठाती रही स्वर रूढ़ियों के खिलाफ
मैं देती रही चुनौती अन्याय को
अपनी अस्मिता के लिए स्वर उठाती
ऊँची आवाज में बोलना चाहती मैं
जाने क्या फितरत है इस समाज की
जब भी खुद जीना चाहा मर्जी से
आकर रोक लेती हैं बेड़ियाँ उनकी
मैं बेड़ियों को काटती हुई बढ़ी जा रही हूँ आगे और आगे
हाँ सच है ये कि मुझे प्रकाश चाहिए
सब जैसी होकर भी अपनी एक पहचान चाहिए
अपनी पहचान बनाने की तलाश में
आगे बढ़ी जा रही हूँ मैं।

(i) 'मैं' शब्द का प्रयोग किया गया है, -
(क) कवयित्री के लिए। (ख) आधुनिक नारी के लिए।
(ग) किसी समाज सुधारिका के लिए। (घ) राजनीतिज्ञ महिला के लिए।

(ii) 'अपने अस्तित्व की पहचान' बन सकती है केवल, -

JSUNIL TUTORIAL

(क) अपने नाम को प्रसिद्ध करने से।
(ख) आत्मनिर्भर बनने से।
(ग) आत्मविश्वास के साथ स्वयं को प्रमाणित करने से।
(घ) नई रूप सज्जा से।

(iii) समाज की फितरत क्या है ?
(क) सभी को विकास का पूरा मौका देना।
(ख) किसी को भी विकास का मौका न देना।
(ग) आगे बढ़त लोगों को जबरदस्ती रोक देना।
(घ) कमजोर लोगों को विकसित होने से रोक देना।

(iv) कविता का संदेश है कि नारी को
(क) आगे बढ़ने का मौका मिलना चाहिए।
(ख) दृढ़ संकल्प कर आगे बढ़ते जाना चाहिए।
(ग) विद्रोही बनना चाहिए।
(घ) पुरुष से अपने को हीन मानना चाहिए।

(v) समाज में बेड़ियाँ हैं,
(क) राजनीतिक अंकुश। (ख) सामाजिक प्रतिबंध।
(ग) आर्थिक विवशता। (घ) पारिवारिक बंधन।

(मुक्त पाठ)

("कृपया सुनिश्चित करें कि इस विषय का मुक्त पाठ इस प्रश्न पत्र के साथ उपलब्ध है)

विषय महिला सशक्तिकरण

3(a) महिला सशक्तिकरण में 'गाँवों' की क्या भूमिका है?

3(b) आधुनिक समय में ग्रामीण महिलाएँ आज भी अपने अधिकारों से अनजान है, गाँवों में भी महिलाओं के ज्ञान वर्धन और सशक्तीकरण के लिए उनको इसका ज्ञान कराना कैसे सम्भव हो सकता है ?

खण्ड-ख ( व्यावहारिक व्याकरण )

4 (i) निर्देशानुसार उत्तर दीजिए -
(क) 'उपयोग' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग एवं मूल शब्द लिखिए।
(ख) 'प्रति' उपसर्ग लगाकर एक शब्द बनाइए।
(ग) 'अंकुरित' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय एवं मूल शब्द लिखिए।
(घ) 'पन' प्रत्यय लगाकर एक शब्द बनाइए।

(ii) निम्नलिखित समस्त पदों का विग्रह करके समास का नाम लिखिए -
(क) सत्याग्रह (ख) आरक्षण (ग) वचनामृत



www.jsuniltutorial.weebly.com/

4

5 (i) अर्थ के आधार पर निम्नलिखित वाक्यों की पहचान करके उनके भेद लिखिए।

(क) हो सकता है वह श्रीनगर चला गया हो ?

(ख) मन लगाकर पढ़ोगे, तभी अंक ला पाओगे।

(ii) निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार बदलिए।

(क) गगन रोज पढ़ने जाता है। (आज्ञावाचक में)

(ख) शिक्षक ने कक्षा में आकर पढ़ाना शुरू किया। (प्रश्नवाचक में)

4

6 निम्नलिखित पद्यांशों में प्रयुक्त अलंकारों की पहचान कर उनके नाम लिखिए।

(क) यवन को दिया दया का दान

(ख) रति-रति सोभा सब रति के सरीर की

(ग) सुबरन को ढूँढ़त फिरत कवि, व्यभिचारी, चोर

(घ) किरण की लालिमा-सी लाल मदिरा में

**खण्ड-ग (पाठ्य-पुस्तक)**

7 **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (2+2+1)** 5

अपने परिवार में मैं कई पीढ़ियों के बाद उत्पन्न हुई। मेरे परिवार में प्राय: दो सौ वर्ष तक कोई लड़की थी ही नहीं। सुना है, उसके पहले लड़कियों को पैदा होते ही परमधाम भेज देते थे। फिर मेरे बाबा ने बहुत दुर्गा पूजा की। हमारी कुल-देवी दुर्गा थीं। मैं उत्पन्न हुई तो मेरी बड़ी खातिर हुई और मुझे वह सब नहीं सहना पड़ा जो अन्य लड़कियों को सहना पड़ता है। परिवार में बाबा फारसी और उर्दू जानते थे। पिता ने अंग्रेजी पढ़ी थी। हिंदी का कोई वातावरण नहीं था।

(1) लेखिका क परिवार में लड़कियों की स्थिति का क्या इतिहास रहा है? क्यों?

(2) किसकी प्रार्थना के फलस्वरूप लेखिका का जन्म हुआ और उन्हें क्या सहन नहीं करना पड़ा?

(3) आपके विचार में वर्तमान में कन्या-जन्म की क्या स्थिति है ?

**निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए-**

8 घृणित के प्रति हाथ की नहीं, पाँव की अँगुली से इशारा करने से लेखक का क्या तात्पर्य है? स्पष्ट कीजिए।

बाबा लेखिका महादेवी वर्मा को क्या बनाना चाहते थे ? लिखिए।

''नाना साहब की पुत्री देवी मैना को भस्म कर दिया गया,'' पाठ में निहित संदेश को अपने शब्दों में लिखिए।

गुरुदेव शांतिनिकेतन को छोड़कर कहाँ गए? वहाँ उन्हें किस प्रकार ले जाया गया?

''इत्र चुपड़कर फोटो खिंचवाने'' में निहित व्यंग्य को स्पष्ट कीजिए।

**निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -** 5

चट दबा कर चोंच में
नीचे गले के डालता है।
एक काले माथ वाली चतुर चिड़िया
श्वेत पंखों के झपाटे मार फौरन
टूट पड़ती है भरे जल के हृदय पर,
एक उजली चटुल मछली
चोंच पीली में दबा कर
दूर उड़ती है गगन में।

(1) चिड़िया को किन विशेषताओं का वर्णन किया गया है ?

(2) चिड़िया किस प्रकार मछली पकड़ती है ?

(3) 'एक उजली चटुल मछली' में निहित अलंकार है।

**निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए-**

0 आप के अनुसार 'यमराज की दिशा' कविता में माँ का भय कहाँ तक सार्थक था? लिखिए। 2

आपकी पठित कविता 'चंद्र गहना से लौटती बेर' में वर्णित अलसी के स्वभाव की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। 2

"मेघ आए" कविता में बादल की तुलना किससे की गयी है और क्यों ? बताइए। 2

"बच्चे काम पर जा रहे हैं" नामक कविता के आधार पर लिखिए कि कवि को बच्चों को किस समय और कहाँ जाते हुए देखकर पीड़ा हुई है ? 2

कवि ने किस भूमि को बाँझ बताया है तथा वे कहाँ खड़े हैं ? 'चंद्र गहना से लौटती बेर' कविता के आधार पर लिखिए। 2

11 "हरिवंशराय बच्चन समय के पाबंद थे।" इस कथन की सार्थकता सिद्ध करते हुए इस आदत के लाभ बताइये। 5

## खण्ड-घ (लेखन)

**दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर किसी एक विषय पर लगभग 200 से 250 शब्दों में निबन्ध लिखिए**

12 **विज्ञान से लाभ :** 10

- भूमिका

- वैज्ञानिक आविष्कार
- वैज्ञानिक प्रगति
- संतुलित प्रयोग आवश्यक
- उपसंहार

अथवा

10

बढ़ते उद्योग, सिकुड़ते वन :

- भूमिका
- वनों के लाभ
- आवश्यकता पूर्ति के साधन
- नगरीकरण का प्रभाव
- उपसंहार

अथवा

10

साईं इतना दीजिए जामें कुटंब समाय :

(1) भूमिका
(2) आशय
(3) संतोष की महत्ता
(4) जीवन खुशहाल सब लोगों को जीने का अधिकार
(5) उपसंहार

13 आप बिजली का बिल जमा कर चुके हैं, परंतु वही धनराशि फिर से आपके बिल में जुड़कर आ गई है। बिजली बोर्ड के अधिकारी को पत्र लिखकर उसको ठीक करने का अनुरोध कीजिए। 5

14 विद्यालयपत्रिका 'कोयल' में प्रकाशित करने हेतु अपने विद्यालय के 'सद्भावना दिवस' पर प्रतिवेदन लिखिए। 5

-o0o0o0o-



www.jsuniltutorial.weebly.com/